हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 23 मार्च 2025

## रमज़ानुल मुबारक

### सदक़तुल फितर्

हजरत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रजियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूल सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम ने रोज़ों को फ़िज़ूल व लायानी और फहश बातों के असरात से पाक साफ करने के लिए और मिस्कीनों मोहताजों के खाने का बंदोबस्त करने के लिए सदक़तुल फितर वाजिब क़रार दिया है । (सुनन अबि दाऊद) अब्दुल्लाह बिन उमर रजियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने मुसलमानों में से हर ग़ुलाम आज़ाद पर हर मर्द और औरत पर छोटे और बड़े पर सदका ए फितर् लाज़िम किया है। एक सा'अ खजूर या एक सा'अ जौ, और हुक्म दिया है कि यह सदक़ा ए फितर् नमाजे ईद के लिए जाने से पहले अदा कर दिया जाए ! (सहीह बुखारी व मुस्लिम).

# नागपुर में लगाए गए कर्फ्यू में आंशिक राहत

## > कुछ क्षेत्रों में पाबंदियां बरकरार



**नागपुर.**

शहर के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में भड़की सांप्रदायिक झड़पों के बाद लागू किए गए कर्फ्यू में पुलिस प्रशासन ने आंशिक राहत दी है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर किये गए प्रदर्शन के बाद उपजे तनाव को देखते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(2)(3) के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया था।

17 मार्च को सुबह शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रतीकात्मक कब्र बनाकर औरंगजेब विरोधी नारे लगाए गए। इसके बाद गणेशपेठ पुलिस थाना अंतर्गत स्थित भालदारपुरा इलाके में एक विशेष समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर पुलिस पर पथराव किया। इस घटना से क्षेत्र में तनाव फैल गया और कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई।

घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने नागपुर शहर के परिमंडल क्रमांक 3, 4 और 5 के तहत आने वाले कई थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लागू कर दिया था। अब पुलिस आयुक्त द्वारा जारी नवीनतम आदेश के अनुसार, 22 मार्च शाम 7 बजे से परिमंडल 3 के पाचपावली, शांतिनगर, लकड़गंज तथा परिमंडल 4 के सक्करदरा और इमामवाड़ा थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू पूर्णतः हटा लिया गया है।

वहीं परिमंडल 3 के तहत कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ इलाकों में कर्फ्यू 22 मार्च शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक आंशिक रूप से शिथिल किया गया है, लेकिन रात 10 बजे के बाद से फिर से कर्फ्यू प्रभाव में रहेगा।

परिमंडल 5 के यशोधरानगर क्षेत्र में कर्फ्यू अगले आदेश तक लागू रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त आदेशों के तहत संबंधित थाना क्षेत्रों की ओर आने वाले मार्गों को बंद करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं सरकारी कर्मचारी, आवश्यक सेवाओं से जुड़े व्यक्ति, अग्निशमन दल, परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र और उनके परिजन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

नागपुर पुलिस प्रशासन की ओर से नागरिकों से शांति बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की गई है।

# ऑटो चालक ने युवक पर किया जानलेवा हमला

## लोहे की रॉड से सिर पर किया वार आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

धंतोली थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे एक ऑटो चालक द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की घटना से सनसनी फैल गई। यह वारदात पंचशील चौक स्थित हिंदुस्तान फर्नीचर दुकान के पास नाले के पुल पर घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रमोद ज्ञानेश्वर ढगे ( 38), न जामठा, हिंगणा निवासी अपनी महिंद्रा मैक्स गाड़ी में सवारी बैठा रहे थे। इस दौरान ऑटो चालक राजेश कुहीकर (43) मानेवाडा रिंग रोड, न्यू नेहरू नगर निवासी से सवारी को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपने ऑटो में रखी लोहे की रॉड निकालकर प्रमोद ढगे के सिर और चेहरे पर जानलेवा हमला कर दिया।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रमोद को तुरंत केयर हॉस्पिटल, पंचशील चौक में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।इस मामले में प्रमोद के छोटे भाई स्वप्नील किसनराव ढगे (34) की शिकायत पर धंतोली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है

## मोहम्मद हिशाम ने रखा पहला रोजा



कामठी के फुटाना खोली में नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अन्सारी शाहेदा कलीम के पोते और हिफ़जुल अन्सारी (छोटू भाई) के पुत्र कामठी के फुटाना खोली में नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अन्सारी शाहेदा कलीम के पोते और हिफ़जुल अन्सारी (छोटू भाई) के पुत्र मोहम्मद हिशाम ने 7 वर्ष की आयु में रमजान का पहला रोजा रखकर देश और शहर में अमन व शांति के लिए दुआ मांगी।

# प्लॉट खरीदने के नाम पर हुई 28.50 लाख की ठगी

**नागपुर.**




गिट्टीखदान थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर करीब 28.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में गिट्टीखदान थाने में पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फरियादी स्वप्नील शिवलोचन मिश्रा (36 ) निवासी वैशाली नगर, हिंगणा रोड, निवासी का प्लॉट खरीद-बिक्री का कार्यालय शुभारंभ सोसायटी, गिट्टीखदान में स्थित है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उनके परिचित चंद्रकांत घोडेस्वार के माध्यम से आरोपी शिशिर सिरास उनसे मिलने आए और बताया कि उनकी पत्नी तृप्ती सिरास के नाम से मौजा शेकापूर में 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसे वे बेचना चाहते हैं।10 अगस्त 2020 से 23 अप्रैल 2021 के बीच मिश्रा ने उक्त जमीन की खरीद के लिए सौदा तय कर आरोपियों को कुल 32 लाख रुपये में से 24 लाख रुपये नकद और बैंक के जरिए दिए। इसके अतिरिक्त, जमीन को डेवेलप करने के लिए फार्म हाउस, रोड, स्विमिंग पूल, बोरवेल आदि कामों के लिए 6.5 लाख रुपये का खर्च भी कराया गया। जब मिश्रा ने विक्रय पत्र की मांग की तो आरोपी टालमटोल करने लगे। बाद में पता चला कि 19 मार्च 2021 को उन्होंने यह जमीन किसी अन्य व्यक्ति – यासमीन फिरदौस को बेच दी और 17 मई 2021 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र भी बना दिया। इस संगठित ठगी के चलते मिश्रा ने गिट्टीखदान थाने में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर पुलिस धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

सक्करदरा पुलिस ने बुधवार बाजार इलाके में एक व्यक्ति को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम लगभग 7:10 बजे की गई जब पुलिस गश्त पर थी।


मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार बाजार स्थित सुलभ शौचालय के पास एक व्यक्ति हथियार के साथ हंगामा कर रहा था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहाँ योगेश उर्फ भुर्या सुदेश लिखीतकर (28) क्वॉर्टर नं. 3/5, सोमवारी क्वॉर्टर, सक्करदरा, निवासी को संदिग्ध स्थिति में पाया गया। उसकी तलाशी लेने पर उसकी कमर में एक लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह हथियार किसी गंभीर वारदात के इरादे से लेकर घूम रहा था।

इस मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 4/25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मासूम बच्चों ने मांगी शहर में अमन-शांति की दुआ

## > भानखेड़ा स्थित सेंट बी.टी. कॉन्वेंट में प्रार्थना सभा का आयोजन






**नागपुर.**

दंगों की पृष्ठभूमि में भानखेड़ा मोमिनपुरा स्थित सेंट बी.टी. कान्वेंट स्कूल के मासूम बच्चों ने शहर में अमन-शांति की दुआ मांगी. पवित्र रमजान में अल्लाह/ईश्वर इन मासूम बच्चों की दुआ अवश्य कबूल करेगा इस उद्देश्य से स्कूल में यह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. स्कूल प्राचार्य मोनिका फ्रांसिस में अपने विशेष संबोधन में इस अवसर पर कहा कि 2 दिन बाद जब आज स्कूल आरंभ हुआ तो और वह बच्चों के दरमियान गई तो प्राइमरी के मासूम बच्चों ने उनसे प्रश्न किया कि 2 दिन से स्कूल क्यों बंद था? अनुत्तर स्कूल प्रबंधन ने तुरंत प्रार्थना सभा का आयोजन करने का निर्णय लिया. जिसमें विद्यार्थियों ने अमन-शांति की दुआ मांगी. इसके माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि एक-दो कुंठित लोगों की मानसिकता की वजह से समाज में कभी-कभार यह सब हो जाता है. नहीं तो हमारा समाज बहुत प्रेरणादाई है और हमारा समाज बहुत अच्छा है. और हमें मिलजुलकर इसे और भी अच्छा बनाना है.

इस प्रार्थना सभा में सर्व शिक्षक अमरीन फिरदौस, अरवा अहमद, सना शेख, अरवा किराना वाला, तसनीम अदनान, लता कुहीकर, सकीना ट्रांकवाला, बतूल ट्रांकवाला, फातिमा जमाली, रशीदा नूर, अल्फिया चौधरी, महजबीन शेख, सानिया शेख, अर्शिया खान, शबीना नियाज़ अली, नुसरत शिरीन, , गुलशन बानो, शानीम शेख, शबीना सैय्यद, हीना कौसर,. जुनेद खान आदि उपस्थित थे.

# नौकरी का झांसा देकर 90 लाख की ठगी

**नागपुर.**

नंदनवन पुलिस थाना क्षेत्र में एक ठगी के मामले का खुलासा हुआ है। प्लॉट नं. 267, चिटनवीस नगर, रमनामारोती रोड, नंदनवन निवासी हेमंत रामचंद्र पाटिल (47) ने तीन लोगों के खिलाफ 90 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। फरियादी हेमंत पाटिल की पहचान आरोपी वामन भुलाराम डंभारे (60) हिलटॉप रेसिडेंसी, छत्रपति नगर, तुकुम, जिला चंद्रपुर निवासी से हुई थी। वामन डंभारे डब्लूएसीएल दुर्गापुर में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। उसने हेमंत पाटिल को बताया कि उसकी उच्च अधिकारियों से पहचान है और उसके पास प्रकल्पग्रस्त से संबंधित दस्तावेज हैं जिनके आधार पर वह महाजेनको में नौकरी दिलवा सकता है। इस झांसे में आकर हेमंत पाटिल ने अपने रिश्तेदारों और मित्रों के साथ मिलकर आरोपी को 1 मार्च 2022 से 30 अक्टूबर 2022 के बीच कुल 13 लाख रुपये नकद और ऑनलाइन माध्यम से दिए। वामन डंभारे ने अपनी पत्नी कलावती डंभारे (55) और बेटी वैशाली डंभारे उर्फ वैशाली वाडुले (34), निवासी मानगांव, रायगढ़ के साथ मिलकर एक संगठित योजना बनाई। इन तीनों ने मिलकर फरियादी और उनके अन्य 11 मित्रों व रिश्तेदारों से मिलाकर कुल 90 लाख रुपए ठग लिए जिसमें 34.50 लाख रुपए नकद और 55.50 लाख रुपए ऑनलाइन व आरटीजीएस के माध्यम से आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किए गए। जब काफी समय तक कोई नौकरी नहीं मिली, तब जाकर ठगी का पता चला। फिर्यादी द्वारा की गई शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर नंदनवन पुलिस थाने में धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जारी है.

# गोडाउन से 8.30 लाख की केबल चोरी, मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

एमआईडीसी थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी के गोडाउन से लाखों की इलेक्ट्रिक केबल चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में कंपनी के मैनेजर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। फिर्यादी विभोर प्रेमनंद अग्रवाल (37) प्लॉट नं. 31, हिवरी ले-आउट निवासी की "प्लस ग्रो मर्चेंडाइज प्रा. लिमिटेड" नामक कंपनी का गोडाउन प्लॉट नं. टी-31, हिंगणा रोड, एमआयडीसी क्षेत्र में स्थित है।

इस कंपनी में लितेश केशवलाल पटेल (41) राहुल रेसिडेंसी, गणेशपेठ, निवासी मैनेजर के पद पर कार्यरत है और गोडाउन की चाबी उन्हीं के पास रहती थी। फरियादी ने हाल ही में गोडाउन में रखे माल की जांच की तो पाया कि वहां से 16 लाइट केबल, जिसकी अनुमानित कीमत 8,30,000 रुपये है, गायब हैं। जब उन्होंने इस बारे में मैनेजर लितेश पटेल से पूछताछ की, तो दिनांक 19 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे के करीब इस चोरी की पुष्टि हुई। फरियादी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर एम.आय.डी.सी. पुलिस थाने में आरोपी लितेश पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि चोरी में और कोई शामिल है या नहीं।

# बोखारा पंचायत में करोड़ों की हेराफेरी

## > चार क्लर्कों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**नागपुर.**

कोराडी थानाक्षेत्र अंतर्गत बोखारा ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। पंचायत में लिपिक पद पर कार्यरत चार कर्मचारियों द्वारा मिलकर सरकारी खाते से 10 से 12 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी कर्मचारियों की पहचान संजय रामाजी वानखेडे (50), नितिन महादेवराव वाघधरे (40), मुकेश रमेश बिघाने (32) और अनिकेत अरुण कुदावले के रूप में हुई है। ये सभी बोखारा गांव के निवासी हैं और लंबे समय से पंचायत कार्यालय में कार्यरत थे। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि इन चारों ने आपस में मिलकर फर्जी रसीदों के ज़रिए 40,36,085 रुपये की हेराफेरी की। इसके अलावा कैशबुक और बैंक पासबुक में 9 लाख रुपये की गड़बड़ी भी उजागर हुई है। पुलिस के अनुसार, इन कर्मचारियों ने सक्षम अधिकारियों की अनुमति के बिना बोगस वाउचरों के माध्यम से 1,02,22,745 रुपये का गबन किया। अब तक सामने आई कुल धोखाधड़ी की राशि करीब 1.51 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो जांच के साथ और भी बढ़ सकती है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने संपत्ति कर संबंधी आदेशों में फेरबदल करके टैक्स शून्य किया, बकाया कर रद्द किया और वसूली की जानकारी को रजिस्टर में दर्ज नहीं किया।

इसके अलावा वार्षिक लेखा-जोखा में भी जानबूझकर गड़बड़ी की गई, जिससे अनुमानित 10 से 12 करोड़ रुपये तक की सरकारी धनराशि का नुकसान हुआ है। ग्राम पंचायत अधिकारी की शिकायत पर कोराडी पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है और अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। इस प्रकरण ने ग्राम पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन अब इस तरह की वित्तीय अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाने की तैयारी में है।

# 2 शातिर चोर गिरफ्तार, 7 वारदातों का खुलासा

## दोपहिया वाहन समेत 2 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**

मानकापुर पुलिस को चोरी के मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दोपहिया वाहन समेत करीब 2 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद किया है। पुछताछ में दोनों आरोपियों ने कुल 7 चोरियों को अंजाम देने की बात कबूल की है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम तक्षशिला नगर निवासी दीपू राजेन्द्र शर्मा (22) और स्मृतिनगर निवासी साहिल उमेश शेंडे (22) हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 60,000 रुपये नगद और एक चोरी की दोपहिया गाड़ी (क्रमांक एमएच49/बीवाय-7498) समेत अन्य सामग्री जब्त की है। मामला 5 फरवरी की रात का है जब मानकापुर क्षेत्र में स्थित एक घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोला। घर के मालिक विदेश (लंदन) में थे और परिवार के अन्य सदस्य भी बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने रात करीब 2.20 बजे मेन डोर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और सोने-चांदी के आभूषणों समेत 1.55 लाख रुपये का माल उड़ा लिया। शिकायत मिलते ही मानकापुर पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी विश्लेषण व खुफिया जानकारी के आधार पर दीपू और साहिल तक पहुंच बनाई। कड़ी पूछताछ में उन्होंने न केवल इस वारदात की बात स्वीकारी, बल्कि मानकापुर क्षेत्र में की गई 6 अन्य चोरियों को भी स्वीकार किया। फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या इन चोरियों के पीछे कोई और भी साथी शामिल है।

# जल संकट और बाढ़ पर चर्चा, प्रशासन को दिये गए निर्देश




**नागपुर.**

शनिवार (गुरुवार) को ग्रीष्म ऋतु में जलसंकट और बाढ़ की समीक्षा की जाएगी। 22 तारीख को नागपुर महानगरपालिका आयुक्त के सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मानसून सीजन के दौरान नागरिकों को बाढ़ और जल रिसाव की समस्याओं से बचाने के उपायों पर चर्चा की गई। आयुक्त ने भूजल स्तर बढ़ाने के प्रयासों पर भी जोर दिया। नागपुर के पूर्व विधायक कृष्णा खोपड़े, मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर, मुख्य अभियंता लीना उपाध्याय, अधीक्षण अभियंता मनोज तालेवार और डॉ. श्वेता बनर्जी उपस्थित थीं। सबसे पहले, डॉ. अभिजीत चौधरी ने माननीय पालकमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में जल संकट और बाढ़ से निपटने के उपायों पर चर्चा करते हुए प्रशासन को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान सीमेंट सड़कों से नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए निचले इलाकों का सर्वेक्षण किया जाए। साथ ही, भूजल स्तर बढ़ाने और जल रिसाव कम करने के उपायों पर जोर दिया। निजी एवं सार्वजनिक कुओं की सफाई और वर्षा जल निकासी नालियों की सफाई की भी आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नाग नदी, पोहरा नदी और पिवळी नदी की गहन सफाई के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने शहर में पानी की कमी और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर अब टैंकर मुक्त होने की ओर अग्रसर है, और फिलहाल 54 टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 137 थी। धरमपेठ, नेहरूनगर और मार्गेरिटा क्षेत्र अब टैंकर मुक्त हो चुके हैं। 860 सार्वजनिक कुएं हैं, जिनमें से 895 की सफाई पूरी हो चुकी है। साथ ही, 5080 कुएं खोदे गए हैं और उनके रखरखाव की व्यवस्था की गई है। बाढ़ से निपटने के उपायों में नदी और नालों की दीवारों का निर्माण, सड़कों की मरम्मत और नदी की सफाई शामिल है, जो 31 मई तक पूरी हो जाएगी।

## बावनकुले ने पानी की बचत और बाढ़ नियंत्रण पर जोर दिया

पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शहर में पानी की बचत पर जोर देते हुए कहा कि यदि बर्बाद हो रहे पानी पर नियंत्रण पाया जाए तो गर्मियों में पानी की कमी नहीं होगी। उन्होंने निजी और सार्वजनिक कुओं को फिर से भरने और सार्वजनिक कुओं पर सौर ऊर्जा से पाइप परियोजनाओं की शुरुआत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके अलावा, उन्होंने शहर में गिरने वाले पानी को रिचार्ज करने के उपायों पर भी जोर दिया। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने मलबे के ढेरों की जांच ड्रोन से करने की सलाह दी, ताकि पिछले साल के बाढ़ वाले क्षेत्रों में सही समय पर उपाय किए जा सकें और संकट से बचा जा सके। इस अवसर पर पूर्व नागपुर विधायक कृष्ण खोपड़े ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उपायुक्त मिलिंद मेश्राम, अशोक गराटे, प्रकाश वराडे, डॉ. गजेन्द्र महल्ले, डॉ. रंजना लाडे, गणेश राठौड़, अग्निशमन प्रमुख बी.पी. चांदनखेड़े सहित सभी जोन के सहायक आयुक्त एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।






CMYK

# कोंढाली बस स्टेशन का नवीनीकरण कार्य धीमी गति से

## > यात्रियों को हो रही परेशानी

**कोंढाली.**

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एसटी) के नागपुर विभाग के अंतर्गत कोंढाली बस स्टेशन के नवीनीकरण का काम धीमी गति से चल रहा है, जिससे यहाँ आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस सेवा और यात्री आवागमन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जिससे विशेषकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले विद्यार्थियों और यात्रियों को चिलचिलाती धूप में परेशानी हो रही है।



एसटी निगम प्रशासन ने दिसंबर में कोंढाली बस स्टेशन पर वाहन तल को सीमेंट से मजबूत करने, शौचालयों की मरम्मत और वेदर शेड की मरम्मत का काम शुरू किया था। हालांकि, निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण बस स्टेशन पर बसों का इंतजार करने वाले यात्री भीषण गर्मी में खड़े होने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी, छात्र और नागरिक अपनी यात्रा के दौरान अत्यधिक गर्मी से पसीने से तरबतर हो रहे हैं।

दोपहर में बढ़ती गर्मी के कारण वे पूरी तरह से थक जाते हैं, जिससे उनकी शारीरिक ऊर्जा समाप्त हो जाती है। यात्री परेशान हैं कि नवीनीकरण कार्य कब पूरा होगा, और फिलहाल जहां भी छाया मिलती है, यात्री वहीं ठहरने की कोशिश करते हैं।

यात्रियों का कहना है कि छात्रों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति अत्यधिक कठिन हो गई है, क्योंकि गर्मी और भीड़-भाड़ वाली परिस्थितियों में यात्रा करना खतरनाक हो सकता है, जिसमें हीटस्ट्रोक जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

यात्रियों ने प्रशासन से अपील की है कि वे जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को नज़रअंदाज करके बस स्टेशन के नवीनीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करें, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

# पत्नी पर जानलेवा हमला कर पति फरार

## > लहुलुहान हालत मे हितज्योति ने की मदद

**सावनेर.**

सावनेर थाना अंतर्गत के केडी पवार कॉलेज वाघोडा मे दि.21 मार्च रात पती द्वारा पत्नी तथा दस वर्षीय बच्चे को अमानुष तरह से मारपीट करने का मामला उजागर हुआ.

मानवता को शर्मसार करने वाली इस वारदात के तहमे जाकर हमारे स्थानिक संवाददाता ने जानकारी हासील करने पर पता चला की पीडीत रजनी छगनसिंग सिलु उम्र 32 वर्षे निवासी कलकोट पो.स्टे. लावा घोगरी तहसील सौसर जीला पांढुर्ना मध्यप्रदेश पीछले चार वर्षो से अपने पती छगनसिंग को छोडकर अपराधी राजेश गढवाल के साथ उसकी पत्नी बनकर अपने दस वर्षीय लडके के साथ रह रही थी. दि. 21 मार्च को सावनेर मे साप्ताहिक बाजार होने से पती पत्नी दोनो ने बाजार से खरेदी कर वापस घर पहुचे. घर पहुचते ही आरोपी राजेश ने दस वर्षीय बच्चे को पीटने लगा जीस पर पत्नी रजनी ने उसे रोकने की कोशिश करते ही



उसने पत्नी रजनी को भी अमानुषता से पीटना शुरु किया जिस से उसके सर पर तथा हाथ पैर पर गंभीर चोटे आकर वह लहुलुहान होकर अपनी जान बचाकर भागकर सुनसान जगह छीप गयी. उक्त जखमी महिला को देख प्रत्यक्षदर्शी ने उक्त जानकारी हितज्योती आधार फाऊंडेशन के हितेश बनसोड को देते ही उन्होने उक्त जानकारी सावनेर पोलीस से साझा कर पोलीस की सहायता से जखमी महिला को प्राथमिक स्वास्थ प्रशिक्षण केन्द्र सावनेर लाकर उसका उपचार कर आगे के उपचार हेतू मेडिकल हॉस्पिटल नागपुर रवाना किया गया.

पीडीता के शिकायत पर सावनेर थाने मे भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (2) के तहत मामला दर्ज कर फरार पती राजेश गढवाल की तलाश उपविभागीय पोलीस अधिकारी अनिल म्हस्के के मार्गदर्शन तथा थानेदार उमेश पाटील के नेतृत्व मे हवालदार मानीक शेरे आगे की जांच कर रहे है.

# कर्मवीर दादासाहब कुंभारे का जन्मदिन समारोह आज

## > युवा रोजगार मार्गदर्शन शिविर 24 को

## > समारोह में उत्कृष्ट कामगारों का सत्कार

**कामठी.**

कर्मवीर दादासाहब कुंभारे के जन्मदिन समारोह को आज रविवार 23 मार्च को दादासाहब कुंभारे क्षेत्र पर कामठी विश्व प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस टेंपल में आयोजित किया जा रहा है। ड्रैगन पैलेस की प्रमुख और पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे पूजनीय भिक्खु संघ की उपस्थिति में विशेष बुद्ध वंदना और धम्मदेसन होगी। तत्पश्चात सुबह 10.30 कर्मवीर दादासाहेब कुंभारे के शिल्पास को महसूल मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले द्वारा माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया जाएगा। कर्मवीर दादासाहब कुंभारे के जन्मदिन समारोह के अवसर



पर, सत्कारमूर्तियों में उत्कृष्ठ कामगार सुनील वानखेड़े, उत्कृष्ठ कामगार संगीता मानवटकर, उत्कृष्ठ कामगार आंचल श्रीराम कटरे को सम्मानित किया जायेगा। वहीं सुबह 11 बजे एड. सुलेखा कुंभारे के हस्ते भिक्षु संघ को चिवरदान व भोजनदान किया जाएगा।

जन्मदिन समारोह को विश्वविख्यात ड्रॅगन पॅलेस टेम्पल, ओगावा सोसायटी, संशोधन केंद्र हरदास शैक्षणिक व सांस्कृतिक संस्था, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक व दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, ड्रैगन इंटरनॅशनल स्कुल (सीबीएससी), दादासाहेब कुंभारे विद्यालय नेरी, दादासाहेब कुंभारे बिडी उत्पादक मजदूर सहकारी संस्था, में महाराष्ट्र राज्य बिडी मजदूर संघ, सचिव जय मजदूर सहकारी संस्था निर्धार महिला व बाल विकास समिती, ओगावा इन्टरप्राईजेस प्रा. लि के पदाधिकारियों ने सफ़ल बनाने की अपील की है।

**युवा रोजगार मार्गदर्शन शिविर 24 को :** ड्रैगन पैलेस परिसर में स्थित कर्मवीर दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र में युवाओं के लिए युवा रोजगार मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संचालक शिरसाठ, जिला उद्योग केंद्र के अनिल पाटिल और समाजकार्य महाविद्यालय के संचालक पुरण मेश्राम मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओगावा सोसायटी की अध्यक्षा एवं पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे करेंगी। इस युवा रोजगार शिविर में बड़ी संख्या में युवा वर्ग उपस्थित रहकर लाभ उठाएं, ऐसा आह्वान सागर भावे ने किया है।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया

**सावनेर.** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी इनके बलिदान दिवस पर सभी लोधी समाज बंधुओ की तरफ से बलिदान दिवस मनाया गया. शहर के पहले पार स्थित पौराणिक हेमाडपंथी शिवमंदिर के प्रांगण मे लोधी समाज बांधवो की प्रमुख उपस्थिती मे विर विरांगना अवंतीबाई लोधी की शौर्य पराक्रम तथा बलिदान को याद कर उनकी स्मृतीयो को अभिवादन कीया गया.

इस अवसर पर बडी संख्या मे समाज बांधव उपस्थित थे

# सावनेर में समता सैनिक दल का वर्धापन दिवस मनाया गया

**सावनेर.**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समता सैनिक दल महिला शाखा सिल्लोरी कि ओर से सावनेर स्थित एसटी स्टैंड समीप डॉ बाबासाहेब आंबेडकर इन की प्रतिमा की पुजा अर्चना, माल्यार्पण कर सलामी दि गई व उपस्थित कमांडोज को



मिठाई बाटी गई. इस अवसर पर भंन्ते शिलरक्षीत महाथेरो, समता सैनीक दल कमलेश्वर तहसिल प्रमुख विजय कापसे समाजसेवी सुधाकर बागडे, परमानंद मानवटकर, विठ्ठल जनबंधु, सुरेश कापसे, महिला कमांडो ललीता गौरखेडे, रंजना गौरखेडे, ज्योती गौरखेडे ,शालु रामटेके,सरला बागडे,के साथ बड़ी संख्या मे महिला व पुरुष समता सैनिक दल के कमांडो उपस्थित थे, कंमाडर कापसे ने बताया कि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर ने 13 मार्च 1927 को आंबेडकर चलवल को बल मिलने के लिए समाता सैनिक दल कि स्थापना कि थी. समता सैनिक दल कि ओर 98 वा वर्धापन दिवस मनाया गया. उन्होंने बताया कि सावनेर व कलमेश्वर तहसील के हर गांव में समता सैनिक दल कि शाखा ओपनकर आंबेडकर चलवल आंदोलन को मजबूत करने का कार्य करेगी. साथ ही आंबेडकर वादियों पर होनेवाले अन्याय अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करेगी, उन्होंने युवक व युवतियों से समता सैनिक दल में शामिल होने की अपील की है.

# वड़ोदा में गर्भाशय कैंसर टीकाकरण शिविर आयोजित




**कामठी.**

कोशिश फाउंडेशन और स्वास्थ्य वृक्ष फाउंडेशन ने श्री संत जगनाडे महाराज सभागृह में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर 9 से 20 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए आयोजित किया गया था। इस शिविर में 120 लड़कियों ने लाभ उठाया। डॉ. दीपिका चंडोक ने माता-पिता को टीकाकरण का महत्व बताया। इस शिविर के अध्यक्ष कोशिश फाउंडेशन और स्वास्थ्य वृक्ष फाउंडेशन के अभिषेक चावला थे। कार्यक्रम का उद्घाटन वडोदा सरपंच राजू थोटे ने उपसरपंच दत्तू हलमारे, विशाल गाडबैल, पूर्व सरपंच वनिता इंगोले पूर्व सरपंच की प्रमुख उपस्थिति में किया। कार्यक्रम में आयोजक व वडोदा ग्राम पंचायत सदस्य अर्चना विशाल गाडबैल, निखिल बरडे, संजय पिंपले, दिलीप मस्के, संदीप थोटे, विक्की धानोरकर, निकेश निबार्ते, वामन बोबले, प्रमोद भोयर, नासिर शेख, दशरथ कारेमोरे, रमेश कडव, गणेश जगताप, कैलास महाकाळकर मौजूद रहे।

कार्यक्रम का सूत्रसंचालन स्मिता सहारे ने किया।

# खापरखेड़ा- कोराड़ी मंदिर रोड चौरागड़े ट्रेडर्स में चोरी

## > अज्ञात चोर सिसीटीवी कॅमरे मे कैद

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा पुलिस थाना अंतर्गत खापरखेडा- कोराडी मंदिर मार्ग पर भुरकुंडे कॉम्पलेक्स मे चौरागडे ट्रेडर्स दुकान में चोरी होने की घटना (शनिचर)को सुबह उजागर हुई।सदर घटना मे अज्ञात चोरों ने दुकान के गल्ले मे रखें हुए पैसे चोरी कर भाग गए। क्षेत्र मे दिन-ब-दिन घरफोडी चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। प्राप्त जानकारी नुसार अण्णा मोड़ से कोराडी मंदिर मार्ग पर दिपक भुरकुंडे कॉम्पलेक्स मे चौरागडे ट्रेडर्स नामक दुकान है। इस दुकान मालिक का नाम मनोज चौरागडे मु.खापरखेडा बताया जा रहा है। दुकान मालिक हमेशा की तरह शुक्रवार रात को दुकान बंद कर घर गए। शुक्रवार मध्यरात्रि बाद अज्ञात चोरों ने मुंह को काला कपड़ा



बांधकर दुकान की शटर तोड़कर प्रवेश किया।

दुकान के गल्ले मे रखें पैसे चोरी कर फरार हो गए। जब की चोरी की घटना सिसीटिवी केमेरा मे कैद हुए। दुकान मालिक द्वारा बताया गया की गल्ले मे रखें पैसे गिनकर नहीं रखने से कितने रुपए चोरी गए इसका अंदाज नहीं



लगाया जा रहा।उसी मोहल्ले मे कुछ अज्ञात दो नकाबपोश बेवारस घुमाते हुए दिखे गये। कुछ लोगों को संशय आने पर उनको भगाया गया ऐसी भी चर्चा शुरू थी।

सदर घटना जब शनिचर सुबह घर मालिक दिपक भुरकुंडे मार्निंग वॉक करने रोड से जा रहे थे तो उनको चौरागडे ट्रेडर्स का शटर आधा खुला दिखतेही चोरी होने का संशय हुआ।तुरंत दुकान मालिक मनोज चौरागडे को जानकारी दी गई।

दुकान मालिक ने दुकान मे आकर खापरखेड़ा पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेकर तुरंत घटनास्थल पहुंचे। सिसिटीवी केमेरा की छानबीन जारी की।लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस मे मामला दर्ज नहीं किया गया था।

खापरखेड़ा क्षेत्र मे चोरी की घटनाएं क्यों बढ़ रही उसपर पुलिस के सामने सवालिया उठ रहा। क्या पुलिस समय समय पर गश्त नहीं लगा रही ऐसा भी सवाल जनता कर रही है।

# अभिनंदन विद्यालय में शिक्षकों के क्षमता विकास प्रशिक्षण का समापन

## > मौदा तालुका के कुल 570 शिक्षकों ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया

**मौदा.**

तालुका के अभिनंदन विद्यालय और जूनियर कॉलेज चिरवा में महाराष्ट्र राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद पुणे और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान नागपुर समूह संसाधन केंद्र मौदा के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा पहली से बारहवीं तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के क्षमता विकास का पांच दिवसीय प्रशिक्षण 2.0 (टीओटी 2.0) सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दोनों चरणों के प्रशिक्षण का मौदा तालुका के कुल 570 शिक्षकों ने लाभ उठाया। केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, राज्य पाठ्यक्रम ढांचा, क्षमता आधारित शिक्षण, अध्यापन और मूल्यांकन, प्रश्न निर्माण कौशल, विद्यालय गुणवत्ता और आश्वासन ढांचा जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शकों द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया



गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशेषज्ञ मार्गदर्शक के रूप में महेश गिरी, भाग्यश्री लाडे, नितिन उईके, अनिल आडे, सचिन लेंडे, प्रेमदास मेश्राम, लक्ष्मीकांत बांते, चैतलाल कटरे, गोविंदा भुते, इच्छेंद्र मस्के, विनोद हुमने, रीता नेवारे, विक्रम आकरे, उमेश बागडकर, सुनीता चौधरी, मंगेश कांबळे आदि विशेषज्ञ मार्गदर्शकों ने नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों की क्षमता वृद्धि पर प्रकाश डालकर उनके ज्ञान में नयापन लाने की प्रभावी भूमिका निभाई। इस क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक प्रशिक्षण को समूह कार्य और प्रस्तुति के माध्यम से नवीन तरीके से शिक्षकों के ज्ञान में क्षमता वृद्धि के दृष्टिकोण से कुशलतापूर्वक जोड़ा गया। यह प्रशिक्षण कुल पांच दिनों के दो चरणों में आयोजित किया गया और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर, कार्यक्रम की सफलता के लिए, मौदा पंचायत समिति शिक्षा विभाग की गटशिक्षणाधिकारी किरण चिनकुरे ने विशेष मार्गदर्शन और उचित सहयोग प्रदान किया, और तालुका के प्रत्येक स्कूल में ऐसी ही प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रणाली का उपयोग करने के बारे में उचित और महत्वपूर्ण दिशा दिखाई। साथ ही, पंचायत समिति शिक्षा विस्तार अधिकारी संकेत मरसकोल्हे, रामेश्वर भक्तवर्ती, केंद्र प्रमुख जुगलकिशोर बोरकर, राजू आंबिलकर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के निरीक्षक के रूप में सफलतापूर्वक भूमिका निभाई। इस अवसर पर, कार्यक्रम का संचालन शैलेश चांदांकर ने किया, जबकि संजय तुलसिकर ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस समापन समारोह के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में, अभिनंदन विद्यालय की प्राचार्य वैशाली बोरकर और अचल तिजारे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शंकरपट बैल जोड़ियों की तेज रफ्तार से प्रतियोगिता में रोमांच

## > नंदा गोमुख के शंकरपट में 260 जोड़ी बैल दौड़े

## > पूर्व मंत्री सुनील केदार के हाथो पुरस्कार वितरण

**सावनेर.**

तालुका के नांदा गोमुख में शंकर पट में ध्वनि, बख्शी, शिवा हिटलर, हीरा बादल, बालवाड़ी, आंगनबाडी, कल्या, गंगू, राजा, शंकर बैल जोड़ियों द्वारा हासिल की गई गति से प्रतियोगिता देखने के लिए दर्शकों को अपनी सांसें रोकनी पड़ीं

जैसे ही नागपुर जिले के मालेगांव जोगा के बैल जोड़ी ने 7.65 सेकंड में दूरी तय कर पहला स्थान हासिल किया तो हवा में प्रतिस्पर्धा बढ़ने लगी और मैदान में खुशी का माहौल हो गया। आयोजित तीन दिवसीय शंकरपट में ग्रुप ए में मालेगांव, तहसील सावनेर, जिला नागपुर के अभिजीत विजय राठौड़ ने 7.65 सेकंड में दूरी पार कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, यवतमाल जिले के हेमंत फरकाडे ने द्वितीय पुरस्कार, राजसा तहसील कालेश्वर के किशोर कडू ने द्वितीय पुरस्कार और धनराज वासु तहसील कलमेश्वर के तेल कामठी ने



द्वितीय पुरस्कार जीता।

सामान्य वर्ग से रूपेश बावनकर ने पहली रैंक हासिल की इस शंकर पट का उद्घाटन सावनेर पंचायत समिति के पूर्व सभापति गोविंद ठाकरे के शुभ हाथों, बुजुर्ग एवं वरिष्ठ किसान शालिकराम घोरमारे, योगिता तागड़े, पूर्व सरपंच विवेक मोवाडे, कांताराम भोयार, प्रमोद घोरमारे, संजय हिवारकर, ईश्वर घोरमारे, माणिकराव बाल्की, अशोक डुफरे की अध्यक्षता में किया गया।

पुरस्कार वितरण पूर्व मंत्री सुनील केदार, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रश्मी बर्वे, मुक्ता कोकड्डे, कुंदा राऊत, शेषराव रहाटे, पवन जयसवाल, अशोक भागवत, रवींद्र चिखले, बैद्यनाथ डोंगरे एवं नंदा गोमुख ग्राम पंचायत के समस्त सदस्यों आदि ने किया.

पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष नितिन राठी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की योजना में चेतन खेरडे, चंदू वंजारी, दिलीप बावनकर, उमेश चांडक, संजय मील मील, सचिन डहाले, प्रमोद चांदेकर, चंदू कालबड़े, कोठीराम मील मील, गणपत गिलमिले, विजय आखरे, अशोक भोयर, कासिम कुरेशी, विकास घोरमारे आदि ने सहयोग किया. मराठी नाटक "थैमान" देखने के लिए दर्शक बड़ी संख्या में एकत्र हुए।

CMYK

# राजस्व विभाग की सख्त कार्रवाई

## > रेत चोरी पर भारी जुर्माना और दंड

**हिंगनघाट.**



21 की सुबह उप-विभागीय पुलिस अधिकारी राहुल चव्हाण के नेतृत्व में पुलिस दल ने तालुका के अल्लीपुर पुलिस स्टेशन के अधिकारक्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले पवनी शिवार क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन और रेत चोरी के खिलाफ जिल्हे की बड़ी कार्रवाई की।

हालांकि इस कार्रवाई को लेकर काफी बडी चर्चा है, पुलिस प्रशासन ने ट्रक टिप्पर और कार समेत कुल 17 वाहनों को जब्त किया है, लेकिन रेती चोरी मामलो में राजस्व विभाग कि कारवाई आवश्यक कदम था. पोलीस विभाग द्वारा हूऐ कारवाई ने रेती माफिया को बड़ा सदमा लगा है लेकिन राहत मिली है. पोलीस विभाग कारवाई के बाद यह कार्रवाई राजस्व प्रशासन देता तो।

इससे सरकार को राजस्व के रूप में लाभ होता, लेकिन अब जब यह कार्रवाई पुलिस विभाग के माध्यम से की गई है, तो मुसीबत से राह आसान हुई. कार्रवाई में पकड़े गए वाहनों को भारी जुर्माना और इन रेत चोरों पर कार्रवाई के साथ न्यायालय के माध्यम से रिहा करना सुविधाजनक हो गया है। वैसे तो रेत का मामला राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है। रेत के मामले में अगर पुलिस विभाग कार्रवाई करता भी है तो कई जगहों पर मामला आगे की कार्रवाई के लिए तालुका मजिस्ट्रेट को सौंप दिया जाता है।

### पुलिस और राजस्व विभाग का समन्वय आवश्यक

लेकिन यह संदेह है कि ऐसा न करने के कारण कुछ शंका कुशंका संदेह कि चर्चा जोरो से होते दिख रही है।वर्धा के जिलाधिकारी को व्यक्तिगत रूप से इस मामले को देखना चाहिए और पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर राजस्व विभाग की ओर ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए जिससे इन रेत सम्राटों का मनोबल टूट सके और बदले में सरकार का राजस्व बढ़े और रेत चोरी पर भी अंकुश लग सके।

# विश्व गौरैया दिन पर जल पात्र का नि:शुल्क वितरण




## > नारायण सेवा मित्र परिवार का उपक्रम

**हिंगनघाट.**

दिन ब दिन धूप का पारा बढ़ रहा है। साथ ही पानी का स्त्रोत भी इस धूपकाले में कम होता जा रहा है। ऐसे समय में पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। गर्मियों में पानी के अभाव में पक्षियों की तडप तड़प कर मृत्यू होती है।

इसलिए प्रत्येक नागरिक ने अपने घर के छत पर जल पात्र रखकर पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इसी उद्देश्य से जन जागृती करने के हेतू से जागतिक चिमणी दिन का औचित्य साधकर स्थानीय नारायण सेवा मित्र परिवार हिंगणघाट इस सेवाभावी संस्था द्वारा स्थानिय शिवाजी उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में नागरिको को निशुल्क जलपात्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षस्थता पूर्व नगराध्यक्ष एडवोकेट मुरली मनोहर व्यास ने तो प्रमुख अतिथी पूर्व नगराध्यक्ष पंढरीनाथ कापसे, सेवानिवृत्त न. प. प्रशासकीय अधिकारी महेश कुमार दीक्षित, राधेश्याम श्रीवास, पूर्व प्राचार्य लतिका बेलेकर, शिला बत्रा,कार्याध्यक्ष मनोज सिंघवी की थी। इस वक्त मान्यवरो के हस्ते उपस्थित को जलपात्र का वितरण किया गया। अध्यक्षीय भाषण में एडवोकेट व्यास इन्होंने शहर के मोबाईल टॉवर्स, बढ़ते प्रदूषण की वजह से चिड़ियों की किलबिलाट कम होने की चिंता जताई। इसलिए अपने घर के आसपास वृक्ष की संख्या बढ़ाकर पानी को उपलब्ध करने पर निश्चित ही चिड़ियों की संख्या बढने का आशावाद किया।

प्रास्ताविक नारायण सेवा मित्र परिवार के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने तो संचालन सचिव पराग मुडे ने किया। उपस्थितो का आभार दुर्गाप्रसाद यादव नेमाने। कार्यक्रम को बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र शासन के कार्यक्रम में "मराठा महासंघ महिला आघाड़ी" का सम्मान

**वर्धा.**




महाराष्ट्र शासन सांस्कृतिक कार्य विभाग,मुंबई अंतर्गत राज्य में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी गौरव गाथा का आयोजन किया गया था.संबंधित कार्यक्रम यह सत्यनारायण बजाज वाचनालय वर्धा में सांस्कृतिक कार्यमंत्री आशीष शेलार की संकल्पना से सांस्कृतिक कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे के मार्गदर्शन में,सांस्कृतिक विभाग संचालक विभीषण चवरे के नियोजन में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर के 300 वी जयंती वर्ष निमित्य से महाराष्ट्र में आयोजित किया गया है. वर्धा में आयोजित कार्यक्रम में राजमाता "माँ जिजाऊ",स्त्री शिक्षा प्रणेता क्रांतीज्योती "सावित्रीबाई फुले, पुण्यश्लोक"अहिल्यादेवी होळकर के कार्य कर्तृत्व की जानकारी अगले पिढी तक पहुचाकर लोकसंस्कृती को उजाला मिले.इसी लिए कार्यक्रम में कलाकार महेश सोनूले और उनके संच ने वैविध्यपूर्ण अच्छी प्रस्तुति दी.

कार्यक्रम में मंच पर अतिथि के रूप में राजेंद्र गोरडे, दीपक पुनसे,सीमा गोरडे, रोहिणी बाबर,अश्विनी काकडे,संगीता वडे की उपस्थिति थी.

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र शासन सांस्कृतिक विभाग के तहत नाट्य कलावंत मोहन सायंकार ने मराठा महासंघ महिला अघाडी का सन्मानचिन्ह देकर सत्कार किया. सांस्कृतिक विभाग का यह सम्मान मराठा महासंघ विभागीय उपाध्यक्षा रोहिणी बाबर,जिलाध्यक्ष मनीषा निकम,उपाध्यक्ष कुंदा घाडगे,सचिव माधुरी मोहिते,शहराध्यक्षा साधना पवार,शहर उपाध्यक्ष पूनम शिंदे,कार्यकारणी पदाधिकारी जयश्री पाटणकर,विभा दाते,प्रतिभा वाळके,नलिनी धानोरकर,तृप्ती मापारी,सुनीता सावंत,शुभांगी घाडगे,आरती पवार,प्रीती देशमुख,मनीषा राजमलवार,मंजुषा कदम,मेघा कदम,नीलिमा टोपले,नेहा नेगी,धनश्री भांडेकर, श्रीमयी बाबर, बबीता ने पुरस्कार का स्वीकार किया.

# जंगी शंकरपट एवं नाटक का आयोजन किया गया

## > शंकरपट में कई प्रसिद्ध बैल दलों की सहभागिता

**हिंगनघाट.**



पट प्रेमी स्वर्गीय कृष्ण झोंटिग पाटिल व वृषभ सेठ सुराणा, मनुभाई कोचर, बैल चालक मारोत राऊत, स्वर्गीय धनराज कालोडे, स्वर्गीय वसंत पाटिल पोंगड़े की स्मृति में पूर्व विधायक प्रा.राजू तिमांडे व कृषि उपज बाजार समिति के अध्यक्ष एड. सुधीर कोठारी कि और से 21 से 24 मार्च तक हिंगनघाट में किसान शंकर पट व नाटक महोत्सव का आयोजन किया गया है।

शहर के समीप नांद गांव तालुका के हिंगणघाट में शंकर पट एवं नाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह शुक्रवार 21 मार्च को सुबह 11 बजे अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे और कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष एड. सुधीर कोठारी ने नागरिकों और किसानों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर नाट्य महोत्सव और शंकर पाटा का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

इस बीच, आयोजित नाटक महोत्सव के तहत, युवा रंगमंच वडसा द्वारा प्रस्तुत नाटक "भूख" 22 मार्च को शाम 6 बजे आयोजित किया गया और रंगतरंग थियेटर वडसा द्वारा प्रस्तुत नाटक "नशीब" आज आयोजित किया जाएगा।शंकपट में न केवल विदर्भ बल्कि महाराष्ट्र से भी कई प्रसिद्ध बैलगाड़ी दल भाग लेंगे और बड़ी मात्रा में नकद पुरस्कार जीते जाएंगे।

# हिंगणी में एग्रीस्टैक शिविर का उद्घाटन

## > विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी ने किया संबोधित



**वर्धा.**

केंद्र शासन एग्रीस्टैक इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत देश के हर किसानों फार्मर आयडी दि है. फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों के खेती विषयक जानकारी का संकलन शासन के तरफ रहेगा. साथ ही शासन के विविध योजना का लाभ देने के लिए यह फार्मर आईडी किसानों के लिए उपयुक्त है. ज्यादा से ज्यादा किसान अ‍ॅग्रीस्टॅक नोंदणी करे, ऐसा आवाहन विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी ने हिंगणी में आयोजित एग्रीस्टैक शिवीर के उद्घाटन प्रसंगपर किया.

हिंगणी में एग्रीस्टैक नोंदणी शिवीर व किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. उस समय वे बोल रही थी. कार्यक्रम को जिलाधिकारी वान्मथी सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितीन रहमान, अप्पर जिलाधिकारी नरेंद्र फुलझेले, उपविभागीय अधिकारी दिपक कारंडे, तहसिलदार मलीक विराणी, हिंगणी सरपंच दामिनी डेकाटे,आदी उपस्थित थे.केंद्र व राज्य शासन की ओरसे किसानों के लिए चलाने वाली विभिन्न योजना के लाभ की नगद राशी किसानों के खाते में जमा करने के लिए यह फार्मर आयडी जरुरी है. नागपूर विभाग में अबतक पी एम किसान योजना के 14 लाख किसानों से 10 लाख किसानों की अ‍ॅग्रीस्टॅक नोंदणी हुई है, ऐसा विजयलक्ष्मी बिदरी ने बताया.

शिवीर में लगाये अ‍ॅग्रीस्टॅक नोंदणी स्टॉल को विजयलक्ष्मी बिदरी ने प्रत्यक्ष भेट देकर किसानों से बातचित करके किसानों को फॉर्मर आयडी की जानकारी दी. साथ ही अ‍ॅग्रीस्टॅक नोंदणी करने के लिए आ रही तांत्रिक अडचण के संदर्भ में तलाठी से बातचित की.आयुक्त ने अंगणबाडी को भेट देकर अंगणबाडी के बच्चों के साथ बातचित की. इस समय उन्होंने पोषण ट्रॅकर की जांच की. सभी अंगणबाडी के ऑनलाईन डेटा की जांच भी की. तथा अंगणवाडी सेविका की अडचणे भी जान ली.

प्राथमिक कन्या शाला को भेट दी.जि. प.प्राथ.कन्या शाळा हिंगणी में विजयलक्ष्मी बिदरी ने भेट देकर कॉलेज जाकर विद्यार्थीयों से बातचित की. व उनका कौतुक भी किया.शाला के वेलापत्रक विषय व दप्तरमुक्त शनिवार विषय की जानकारी ली. शिक्षणाधिकारी व शाला शिक्षक ने संपुर्ण जानकारी दि.तथा शाला पट १३४ है और पाच शिक्षक कार्यरत है, ऐसा बताया.

इस समय मेधावी गुणवंत विद्यार्थीयों का गौरव चिन्ह देकर अभिनंदन किया. इस समय शिक्षणाधिकारी डॉ. नितु गावंडे ने उनका स्वागत किया. गुटशिक्षणाधिकारी जयपाल राऊत, शिक्षण विस्तार अधिकारी संगीता महाकाळकर, केंद्रप्रमुख चंदा डायगव्हाणे व शाला मुख्याद्यापक इंगोले व अन्य चार शिक्षक उपस्थित थे.



# अभिनय में दुनिया जीतने की ताकत है: एड. सुनील चौधरी

**वर्धा.**

साहित्य एवं कला के क्षेत्र में दृश्य-श्रव्य मीडिया का जनमानस पर सीधा एवं प्रभावी प्रभाव पड़ता है। हालांकि इसका महत्वपूर्ण माध्यम सिनेमा है, लेकिन इसकी शुरुआत अक्सर छोटे पर्दे से टेलीफिल्म से होती है, कलाकार भी सबसे पहले छोटे मंच पर आता है और आगे चलकर इसी इंडस्ट्री में अपना नाम कमाता है। इसी कड़ी में टेलीफिल्म के माध्यम से समाज पर राज करने वाले एक प्रभावशाली व्यक्तित्व का नाम जाकिर हुसैन कुरैशी है। समाज को सभ्य बनाने के लिए सज्जा शक्ति का मार्ग दिखाने वाली, सटीक निर्देश और मार्गदर्शन देने वाली लघु फिल्में आज भी सभी समाजों के लिए आकर्षक हैं। जाकिर कुरेशी के लिए किशोरावस्था से ही दूरदर्शन और अन्य धारावाहिकों में अपनी अभिनय क्षमता के दम पर अपनी अलग पहचान बनाना और एक साधारण परिवार के इस कलाकार का अपनी जिद और मेहनत से बुलंदियों तक पहुंचना एक अनोखा संयोजन है और यह दर्शाता है कि प्रभावी अभिनय में आसमान छूने और दुनिया पर कब्जा करने की ताकत होती है। यह उदगार वरिष्ठ कानूनी सलाहकार सुनील चौधरी ने व्यक्त किए।वह सरकारी गेस्ट हाउस में लघु फिल्म अभिनेता जाकिर हुसैन कुरैशी को सम्मानित करते हुए बोल रहे थे।

ज़ाकिर हुसैन कुरैशी ने पुणे हैदराबाद की यात्रा के दौरान वर्धा में बापू कुटी का दौरा किया। इस अवसर पर कई संस्थानों ने मिलकर सरकारी विश्राम गृह में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया। इमरान राही, प्रदीप कश्यप, विलास कुलकर्णी, सिहान उल्हास वाघ, शशांक चतारे, एस. आर. शेख, एहसान राही, एडवोकेट जाहिद अली, अब्दुल गनी, एडवोकेट प्रियदर्शी वाघमारे, सईद शेख, राजेश धोपटे, एडवोकेट इब्राहिम बख्श, उल्हास पवार, धनंजय खेडकर, नामदेव अखाड़े, फिजा खान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# माता महाकाली की भक्ति से मिलता है धर्म, अर्थ, कर्म :पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री



**वर्धा.**

महाकाली धाम तीर्थ में देवी स्थापना दिवस व पखवाड़ा निमित्त महापूजा, होम, हवन व महाप्रसाद कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस समय जय महाकाली सेवा मंडल अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसाद अग्निहोत्री व शिवकुमारी अग्निहोत्री के शुभ हस्ते देवी का अष्टांग योग पद्धति से पूजन किया गया.महाप्रसाद का वितरण पंडित नीलकंठ बोपटे गुरुजी, वर्धा के तरफ से किया गया.

इस प्रसंग पर प्रवचन करते समय पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने कहा की, 1986 को जब माता महाकाली मंदिर नहर के पात्र में डूब गया था.तब शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री व अन्य माई भक्तों ने नदी तट पर महाकाली मंदिर का निर्माण करके माता महाकाली,माता महालक्ष्मी व माता सरस्वती के मूर्ती की स्थापना की थी.तब से यह दिवस देवी स्थापना दिवस के रूप में नियमित मनाया जाता है. इस पृथ्वी पर मानव का जन्म धर्म,अर्थ,कर्म व मोक्ष इस चार चीजों को के लिए हुआ है.पुर्णिमा, अमावस्या व नवरात्र में माता महाकाली की आराधना,वंदना व साधना करने से भक्ती की शक्ती निर्माण होकर उससे यह सभी कर्म किये जाते.

धर्म का अर्थ प्राप्त परिस्थिति के तहत समाज को पोषक,आवश्यक व मदद होगी, ऐसा कार्य करना.इस समय बाबुलालजी दिग्रसे, राघोबाजी कोरडे, बाबाराव महाजन,चंद्रभान आसोले,अनिल बोडखे व गणेश काळे के सह असंख्य भाविक भक्त इस महापुजा में सहभागी हुए थे.

# अवैध रेत तस्करी के आरोप में 22.61 लाख का माल जब्त

## > 3 ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

**वर्धा.**



स्था. गुनाह शाखा वर्धा द्वारा पो. स्टे. हिंगनघाट हद में अवैध धंधे पर कार्रवाई की मुहिम चलाते समय मिली जानकारी में पो.स्टे.हिंगनघाट हद में वना नदी से अवैध रेत उत्खनन व यातायात हो रही है, ऐसे जानकारी से टीम ने छापामारी की. ट्रॅक्टर मालक चालक छोटू दिलीपराव वानखडे, उम्र 32 नि. माता मंदीर वार्ड, ता. हिंगनघाट जिला वर्धा, ट्रॅक्टर चालक धिरज गजानन साळवे, वय 20, नि.शास्त्री वार्ड हिंगनघाट जि.वर्धा,ट्रॅक्टर मालक नितेश नवरखडे रा. शास्त्री वार्ड,हिंगनघाट,वर्धा फरार, ट्रॅक्टर चालक मालक महादेव गणपत भोयर उम्र 58, नि.नन्नाशा वार्ड, हिंगनघाट,वर्धा यह संगनमत से डकिंग रेत घाट से अवैध तरीके से रेत उत्खनन करके चोरी करते समय मिले.उनके पास से एक पुराना हरे कलर का जान डीर कंपनी का दोनो बाजू नो नंबर कि. 6,00,000 रू.,एक ट्रॅक्टर को लगी हुई ट्रॉली किं. 1,50,000 रू.ट्राली में अंदाजे 80 फुट रेती किं 4,000 रू.,एक पुराना लाल रंग का महिंद्रा सरपंच कंपनी का ट्रॅक्टर क्र. Mh 27 बी बी 1435, कि. 6,00,000 रू, एक पुरानी बिना नंबर की ट्राली कि. 1,50,000 रू. ट्राली में अंदाजे 80 फुट रेत कि 4,000 रू.,एक पुराना लाल रंग का महिंद्रा कंपनी का ट्रॅक्टर बिना नंबर का कि. 6,00,000,एक लाल रंग की बिना नंबर की ट्राली कि. 1,50,000 रू.ट्राली में अंदाजा 60 फुट रेत किं. 3,000 रू. ऐसा कुल जु.कि. 22,61,000/- रू. का माल हस्तगत किया. तिनो ट्रॅक्टर चालक- मालक आरोपी को सदर रेत की रॉयल्टी है क्या? व रेत कहा से लायी? इसके बारे में पुछनेपर रेत की रॉयल्टी नही है.

हिंगणघाट वणा नदी के डंकीन घाट से काली गिली रेत निकालकर ट्रॅक्टर ट्रॉली में भरी है, ऐसा बताया.सदर ट्रॅक्टर चालक मालक अपराधी के विरुध्द पो.स्टे.हिंगनघाट में कलम 303(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 कानुन के तहत गुनाह दर्ज किया गया.

यह कारवाई अनुराग जैन, पुलीस अधिक्षक वर्धा,सागर कवडे अपर पुलिस अधिक्षक, वर्धा के मार्गदर्शन में विनोद चौधरी, पुलीस निरीक्षक स्थानिय गुनाह शाखा, वर्धा, पो.हवा. गजानन लामसे, चंद्रकांत बुरंगे, भुषण निघोट, रितेश शर्मा, मनीष कांबळे, पो.अ. अमोल नगराळे, गोपाल बावनकर, दीपक साठे सभी स्थानिय गुनाह शाखा वर्धा ने की है.

# प्रेमिका के वियोग में विवाहित प्रेमी ने की आत्महत्या

**बुलढाणा.**




एक विवाहित युवक को दूसरी महिला से प्यार हो गया और चूंकि उसकी प्रेमिका ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी (और उसकी पत्नी ने कोई आपत्ति नहीं की), इसलिए वह उसे घर ले आया। यह बेहद अलग प्रेम का नायक अपनी पहली पत्नी और प्रेमिका 'नंदू' के साथ एक ही घर में रहने लगा। लेकिन जिस प्रेमिका से वह पूरे दिल से प्यार करता था (!) वह उसे छोड़कर चली गई। उसका वियोग सहन न कर पाने के कारण इस प्रेमविह्वल व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। कोई साधारण सी बात नहीं, बल्कि ये सब इंस्टाग्राम पर 'शेयर' करके उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया...

एक चौंकाने वाला और विचित्र मामला सामने आया है जिसमें एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के छोड़ कर चले जाने से हताश होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सिंदखेड राजा तालुका के वरदादी बुद्रुक में घटी। इससे वरदादी बुद्रुक और पूरे सिंदखेड राजा तालुका में हलचल मच गई है। आत्मघाती हमलावर का नाम समाधान अटोले (25) है।

# शिवशाही बस में आग लगने से हड़कंप यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला



**अमरावती.**

बडनेरा से यवतमाल मार्ग पर माहुली चोर गांव के पास यवतमाल जा रही शिवशाही बस में अचानक आग लग गई। इससे रास्ते में थोड़ी उलझन पैदा हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घटी। बस में तीन लोग यात्रा कर रहे थे। सौभाग्य से, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ क्योंकि चालक ने समय पर सावधानी बरती और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

अमरावती-यवतमाल मार्ग हमेशा की तरह व्यस्त था। अमरावती डिपो की शिवशाही बस जब माहुली चोर गांव के पास पहुंची तो बस के केबिन से धुआं निकलने लगा। बस चालक ने सावधानी बरतते हुए बस को सड़क के किनारे रोक दिया। बस चालक और कंडक्टर ने तीनों यात्रियों को बाहर निकाला। बस में तुरंत आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया।

एहतियात के तौर पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों दिशाओं में यातायात को नियंत्रित किया। बस चालक, कंडक्टर और यात्री सुरक्षित हैं. सौभाग्यवश इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इस समय हाईवे क्षेत्र में दर्शकों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। इसके कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### खुशाल पंचम



**दिग्रस.** खुशाल रघोदेव पंचम का 22 मार्च (शुक्रवार) को सुबह 9:30 बजे 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 मार्च (शनिवार) को गोंडी दिग्रस, तहसील काटोल में सुबह 11:30 बजे किया जाएगा।

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार




यह है इंडिया का त्यौहार...



आज के मैच | दोपहर में 3:30 से VS | शाम को 6:30 से VS

# आईपीएल के ओपनिंग मैच में जीती आरसीबी



**कोलकाता.**

आईपीएल 2025 का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया. इस मुकाबले में आरसीबी ने 7 विकेट से जीत हासिल की. आरसीबी की ओर से विराट कोहली ने नाबाद 59 रन बनाए. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के ओपनिंग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया. 22 मार्च (शनिवार) को ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने आरसीबी को जीत के लिए 175 रनों का टारगेट दिया था. इस टारगेट को आरसीबी ने 16.2 ओवर्स में हासिल कर लिया. आरसीबी की ओर से विराट कोहली (59*) और फिल साल्ट (56) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं. पडिक्कल के आउट होने के कुछ देर बाद ही विराट कोहली ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. कोहली ने सिर्फ 30 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की. कोहली का कप्तान रजत पाटीदार ने बखूबी साथ निभाया. दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की तूफानी पार्टनरशिप हुई. पाटीदार ने 16 बॉल पर 34 रन बनाए और उन्हें वैभव अरोड़ा ने चलता किया. यहां से कोहली और लियाम लिविंगस्टोन ने टीम को जीत दिला दी. विराट कोहली 36 बॉल पर 59 रन बनाकर नाबाद लौटे. इस दौरान कोहली ने चार चौके और तीन छक्के लगाए. लिविंगस्टोन 15 रन पर नाबाद लौटे.

रहाणे का अर्धशतक... क्रुणाल की घातक गेंदबाजी टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने आठ विकेट पर 174 रन बनाए. केकेआर की शुरुआत काफी खराब रही. मैच की पांचवीं ही गेंद पर उसने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (4) का विकेट गंवा दिया, जो जोश हेजलवुड की बॉल पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमा बैठे. खास बात यह है कि डिकॉक को उसी ओवर में जीवनदान मिला था, लेकिन वो उसका फायदा नहीं उठा पाए. पहला विकेट गिरने के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन ने मोर्चा संभाला. दोनों ने तूफानी बैटिंग की, जिसके चलते शुरुआती छह ओवरों में कोलकाता ने 60 रन बना दिए. कप्तान रहाणे की तूफानी बैटिंग जारी रही और उन्होंने सिर्फ 25 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. उधर सुनील नरेन भी टच में लग रहे थे. नरेन अनलकी रहे कि वो अपनी फिफ्टी पूरी नहीं कर सके. सुनील नरेन को रसिक सलाम डार ने विकेट के पीछे जितेश शर्मा के हाथों कैच आउट कराया. नरेन ने 5 चौके और तीन छक्के की मदद से 26 गेंदों पर 44 रन बनाए. नरेन और अजिंक्य रहाणे के बीच दूसरे विकेट के लिए 9.1 ओवरों में 103 रनों की पार्टनरशिप हुई. नरेन के आउट होने के बाद कोलकाता ने रहाणे का विकेट गंवा दिया, जो क्रुणाल पंड्या का शिकार बने. रहाणे ने 31 गेंदों पर 56 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल रहे. क्रुणाल ने इसके बाद वेंकटेश अय्यर (6) और रिंकू सिंह (12) को सस्ते में चलता कर दिया. ये दोनों ही बल्लेबाज बोल्ड हुए. फिर स्पिनर सुयश शर्मा ने आंद्रे रसेल को आउट कर दिया, जो सिर्फ 4 रन बना सके. रसेल के आउट होने के समय केकेआर का स्कोर 6 विकेट पर 150 रन था. युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने जरूर बड़े शॉट्स खेले, लेकिन वो आखिर तक क्रीज पर टिक नहीं सके. रघुवंशी को यश दयाल ने चलता किया. रघुवंशी ने 2 चौके और एक सिक्स की मदद से 22 बॉल पर 30 रन बनाए. कोलकाता की टीम ने फिर हर्षित राणा (5) का भी विकेट गंवाया, जो आखिरी ओवर में जोश हेजलवुड की बॉल पर आउट हुए. देखा जाए तो केकेआर ने आखिरी 10 ओवर में 67 रन बनाए. आरसीबी की ओर से क्रुणाल पंड्या ने तीन खिलाड़ियों को चलता किया. जबकि जोश हेजलवुड को दो सफलताएं प्राप्त हुईं. यश दयाल और सुयश शर्मा को भी एक-एक विकेट मिला.



कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हारा

## साल्ट-कोहली के बीच हुई तूफानी पार्टनरशिप



*टारगेट का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत काफी धमाकेदार रही. विराट कोहली और फिल साल्ट ने मिलकर केकेआर के गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई. दोनों के बीच 51 गेंदों पर 95 रनों की पार्टनरशिप हुई. इस दौरान इंग्लिश बल्लेबाज साल्ट ने सिर्फ 25 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली. साल्ट 56 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर स्पेंसर जॉनसन के हाथों कैच आउट हुए. साल्ट ने 31 गेंदों की पारी में 9 चौके और दो छक्के लगाए. साल्ट के बाद आरसीबी ने इम्पैक्ट सब देवदत्त पडिक्कल (10) का विकेट सस्ते में गंवा दिया. पडिक्कल को सुनील नरेन ने चलता किया.*

# संघ मुख्यालय की रेकी करने वाले आतंकी की जमानत अर्जी खारिज

**नागपुर.**

रेशीमबाग स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय की रेकी कर वह जानकारी पाकिस्तान स्थित उमर को भेजने वाले आतंकी रईस अहमद शेख की जमानत याचिका को मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने शुक्रवार को खारिज कर दिया। यह निर्णय न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फलके ने सुनाया।

रईस जम्मू-कश्मीर के पुलवामा ज़िले के पोरा गांव का निवासी है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ है। सुरक्षा




एजेंसियों द्वारा उस पर कड़ी निगरानी रखने के बाद उसकी गतिविधिया उजागर हुईं। उसके मोबाइल और डिजिटल उपकरणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उसने संघ मुख्यालय की रेकी कर वहां की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेजी थी। राज्य की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता और मुख्य सरकारी वकील देवेंद्र चव्हाण ने अदालत के समक्ष रईस के आतंकी संपर्कों और उसके पूर्ववर्ती आपराधिक इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रईस के खिलाफ पहले से ही जम्मू-कश्मीर में जिंदा हैंड ग्रेनेड रखने के आरोप में मामला दर्ज है। अदालत ने उपलब्ध सबूतों को गंभीर मानते हुए कहा कि यह मामला केवल जमानत तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि रईस को जेल में रखना राष्ट्रीय हित में आवश्यक है।

# वात्सल्य प्री-स्कूल में होगा हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट आज

**कामठी.**

हेल्दी बेबी प्रतियोगिता शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय तथा वात्सल्य प्री-स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शिशु देखभाल के अंतर्गत आयोजित होगी। रणाला के प्रोफ़ेसर कॉलोनी स्थित वात्सल्य प्री-स्कूल में होने वाले इस हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट शो में 6 महीने से 1 से 5 वर्ष तक, 1.5 से 3.5 वर्ष तक, 3.5से 5 वर्ष तक के बच्चे आज रविवार 10.30 बजे से प्रतिभाग कर सकते हैं। इस प्रतिस्पर्धा में सुंदर बच्चा, चमकदार त्वचा, चमकीली आंखे, घुंघराले बाल पर शिशुओं को विशेष पुरस्कार मिलेगा। शासकीय



वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय नागपुर के वैद्यकीय अधिक्षक डॉ. अविनाश गावंडे एवं वात्सल्य प्री-स्कूल की डायरेक्टर स्वाति पंकज साबले ने बताया कि स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। इसके जागरूकता के लिए छोटे बच्चों के स्वास्थ्य सेहत को लेकर एक हेल्दी बेबी शो प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस हेल्दी बेबी शो में स्वास्थ्य जांच, मजेदार खेल, रंग कला और भी बहुत कुछ, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और सभी प्रतिभागियों को उपहार भी रखा गया है। इस मौके पर शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय नागपुर के वैद्यकीय अधिक्षक डॉ. अविनाश गावंडे द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य गतिविधियों के बारे में संक्षेप जानकारी दी जाएगी। आयोजन समिति ने कहा कि प्रतियोगिता के लिए जिसने भी पंजीकरण किया होगा वे ही प्रतिस्पर्धा में सहभाग ले सकते हैं।

## हृदय-रोग से बचाव के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन आज

**नागपुर.**

हृदय रोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए हृदय स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य हृदय रोगों की समय रहते पहचान करना और लोगों को अपने दिल की देखभाल के प्रति जागरुक बनाना है।

यह हृदय जागरूकता शिविर आज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक मुग्धा हार्ट केयर सेंटर, उत्कर्ष अपार्टमेंट्स,अजनी मेट्रो स्टेशन के पास, वर्धा रोड, नागपुर-15 में आयोजित किया जाएगा।

शिविर में कार्टोग्राफी जांच (4500/- मात्र), निःशुल्क डॉक्टर परामर्श और हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्टोग्राफी जांच एक आधुनिक तकनीक है, जो हृदय और

रक्तवाहिनियों में रक्त प्रवाह का त्रि-आयामी चित्रण करती है। यह



जांच हृदय रोगों का समय रहते पता लगाने और रोकथाम में सहायक है। म विशेष बात यह है कि इस प्रक्रिया में सुई, नली या एक्स-रे का उपयोग नहीं होता। यह सभी आयु वर्ग के लोगों और पेसमेकर वाले मरीजों के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित है। यह जांच रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन आपूर्ति और हृदय की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करती है। साथ ही, यह अन्य जटिल प्रक्रियाओं की तुलना में किफायती, प्रभावी और बार-बार दोहराई जा सकने योग्य है। व शिविर में मुंबई के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श और इंटरनेशनल ईईसीपी एसोसिएशन द्वारा मान्यताप्राप्त तकनीक का उपयोग किया जाएगा। आपका हृदय स्वस्थ रहेगा, तभी जीवन खुशहाल रहेगा। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए संपर्क करें: 828282 0969.

## चाकू लेकर मचा रहा था हुड़दंग

### जरीपटका पुलिस ने दबोचा

**नागपुर.**

जरीपटका थाना क्षेत्र में तड़के चाकू लेकर हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रिपब्लिकन नगर, जरीपटका निवासी अमन बबन पाटिल (23) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 4.40 बजे गश्ती दल को सूचना मिली कि भिमसेना नगर में एक युवक चाकू लेकर लोगों को डरा रहा है।

पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी अमन को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लोहे का एक घातक चाकू जब्त किया गया। थाने लाकर की गई पूछताछ में सामने आया कि अमन एक नामजद अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी प्रतिबंधक कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

# मुस्लिम भाइयों को कोई आंख दिखाएगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं

### > डिप्टी सीएम अजित पवार का बड़ा बयान

**मुंबई.**

औरंगजेब विवाद में हुई नागपुर हिंसा को लेकर माहौल गरमाया हुआ है. पुलिस की जांच जारी है और सियासी बयानबाजी भी तेज है. मुख्यमंत्री समेत बीजेपी के कई नेताओं का कहना है कि हिंसा के दौरान पुलिस पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. इस बीच सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा, मुस्लिम भाइयों को कोई भी आंख दिखाएगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं. फिर चाहे कोई भी हो.

महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपनी पार्टी एनसीपी की तरफ से रोजा इफ्तार का आयोजन किया था. इस दौरान उन्होंने मुस्लिमों को भरोसा दिलाया कि जो भी मुस्लिम भाइयों को आंख दिखाएगा, दो समूहों के बीच संघर्ष भड़काकर कानून व्यवस्था को बाधित करेगा और कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे किसी भी हालत में बख्शा या माफ नहीं किया जाएगा.

अजित पवार ने ये भी कहा कि रमजान सिर्फ एक धर्म तक सीमित नहीं है. यह हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है. जरूरतमंदों की पीड़ा को समझने की प्रेरणा देता है. भारत विविधता में एकता का प्रतीक है. बता दें कि एनसीपी अजित पवार गुट की तरफ से मुंबई के इस्लाम जिमखाना में मुसलमानों के पाक माह रमजान पर इफ्तारी का आयोजन हुआ. इस मौके पर अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे , छगन भुजबल, सना मलिक, नवाब मलिक सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे.बता दें कि अजित पवार का ये बयान उस वक्त आया है जब महाराष्ट्र में माहौल गरमाया हुआ है. नागपुर शहर में हुई हिंसा मामले में शुक्रवार को 14 लोगों को अरेस्ट भी किया गया है. अब तक इस मामले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या 105 हो गई है. हिंसा मामले में 10 किशोर भी हिरासत में लिये गए हैं. 3 नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं.

# इतवारी जीआरपी ने मोबाइल चोर दंपति को दबोचा

**नागपुर.**

इतवारी लोहमार्ग पुलिस ने रेलवे यात्रियों से मोबाइल चोरी करने वाले एक दंपति को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक तृतीयपंथी भी शामिल है। आरोपियों की पहचान अभिषेक प्रकाश वाघने (25), निवासी पाचगाव, जिला भंडारा और तृतीयपंथी अंकित संजू दीपा उर्फ आयशा अभिषेक वाघने (21) के रूप में हुई है।



पुलिस के अनुसार, आयशा और अभिषेक पति-पत्नी की तरह साथ रहते हैं और ट्रेनों में मिलकर मोबाइल चोरी और यात्रियों से अवैध वसूली करते हैं। एक यात्री से मोबाइल छीनने के मामले में दोनों की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी।तकनीकी जांच और खबरी तंत्र के सहयोग से पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी पाचगाव क्षेत्र में छिपे हुए हैं। इसके बाद इतवारी जीआरपी की टीम ने जाल बिछाकर दोनों को धर दबोचा।

इसके अतिरिक्त, जीआरपी नागपुर द्वारा रेलवे परिसर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 11 अन्य संदिग्धों पर भी प्रतिबंधक कार्रवाई की गई है। सभी से अंतिमबन्ध पत्र भरवाया गया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका नारनवरे, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राठौड़ और पीआई डोये के मार्गदर्शन में एपीआई नारनवरे, सुरवाडे, पीएसआई पांडे, अवतारे, पिकलमुंडे, मेश्राम, औरासे, मृणाली यादव, दीप्ति बेंडे और अकबर की टीम द्वारा की गई।

## रेत तस्करी करते पकड़ा गया आरोपी

**नागपुर.** देर रात गश्त के दौरान ऊनगाव से सोनेगाव रोड पर पुलिस ने रेत तस्करी करते हुए एक पिकअप वाहन को पकड़ा। वाहन से अवैध रूप से ले जाई जा रही रेत सहित 6.01 लाख रुपये से अधिक का माल जब्त किया गया। मौके से आरोपी चालक कंठीराम यादव मेश्राम (50), निवासी सोनगाव, तहसील कामठी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी रमेश पारधी (25) फरार हो गया है। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें बड़ी मात्रा में रेत पाई गई। कड़ी पूछताछ में कंठीराम ने रेत तस्करी की बात कबूल की और बताया कि यह काम वह रमेश पारधी के साथ मिलकर करता है। पुलिस ने कंठीराम को गिरफ्तार कर लिया है और फरार रमेश की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले की जांच जारी है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 469-9 | 348-5 |
| श्रीदेवी नाईट | 250-7 | 680-4 |

# वरिष्ठ, सब-जूनियर गट राष्ट्रीय वुडबॉल स्पर्धा आज से

### 25 राज्यों के 500 खिलाड़ी करेंगे भागीदारी

**नागपुर.**

वूडबॉल असोसिएशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में वूडबॉल असोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र द्वारा आयोजित 19वीं वरिष्ठ गट पुरुष और महिला तथा 13वीं सब-ज्युनिअर गट बालक-बालिका राष्ट्रीय वूडबॉल चैंपियनशिप आज रविवार (23 मार्च) से राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय खेल मैदान, रविनगर में शुरू हो रही है। महाराष्ट्र संघटन के अध्यक्ष कुमार मसराम ने जानकारी दी कि चार दिन चलने वाली इस स्पर्धा में दोनों वर्गों में 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। नागपुर में पहली बार राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में सुबह और शाम के सत्र में एकल, युगल, मिश्रित युगल और टीम इवेंट्स खेले जाएंगे।





खिलाड़ियों और अधिकारियों के रहने और भोजन की व्यवस्था विधायक निवास में की गई है।

रविवार शाम 6 बजे स्पर्धा का उद्घाटन महालेखा महासंचालक दिनेश पाटिल (आईएएस) के हाथों होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वूडबॉल असोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष आ. डॉ. आशिष देशमुख करेंगे। इस अवसर पर माजी विधायक डॉ. मिलिंद माने, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद के जिलाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल (आईएएस), मोहित चड्ढा, प्रभारी क्रीड़ा संचालक डॉ. विशाखा जोशी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

26 मार्च को सुबह 11:30 बजे प्रधान आयकर आयुक्त आर. के. झा और आ. डॉ. आशिष देशमुख, रत्नु नागपूर विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. माधवी खोडे-चवरे, कुलसचिव राजू हिवसे आदि की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। स्पर्धा के आयोजन में महासंघ के महासचिव अजय सोनटक्के, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर बागडे, कोषाध्यक्ष प्रवीण मानवटकर, तकनीकी समिति के पदाधिकारी सुदीप मानवटकर, गोविंद झा, हेमंत पायेर, डॉ. श्रीराम आगलावे, डॉ. सुधीर कहाते की अहम भूमिका रही है।





CMYK